संस्कृत प्रचार पुस्तक माला सं. २०

सुगम-धातुरूपावलिः

संस्कृत सीखने का शुभारम्भ करनेवाले बालकों, बालिकाओं तथा प्रौढ़ व्यक्तियों को समस्त व्यवहारोपयोगी संस्कृत धातुओं के रूपों का अल्प समय, अल्प परिश्रम तथा अल्प मूल्य में अधिक ज्ञान करानेके लिए सम्पादित अपने ढंग की अभिनव पुस्तक

संस्कृत तथा सनातन संस्कृति के परम पोषक
अमित विभूति, ब्रह्मवेता
श्री देवरहा बाबा संस्कृत प्रचार निधि
वाराणसी
की
सहायता से प्रकाशित

सार्वभौम संस्कृत प्रचार संस्थानम्
वाराणसी

विषय-सूची

पृष्ठ १—गण, धातुसंख्या, गणप्रत्यय, धातुओं के उदाहरण, प्रत्ययान्तधातु और उनके उदाहरण तथा इस पुस्तक में दिए हुए २४ धातुओं का विवरण।
पृष्ठ २—धातुओं तथा क्रियाओं के सम्बन्ध में १३ ज्ञातव्य विषयों का विवरण।
पृष्ठ ३—लट्लकार के कर्तृवाच्य में रूप, उनका अर्थ तथा उनके साथ लगाने के लिये कर्मशब्द।
पृष्ठ ४—प्रथम पुरुष के समस्त सर्वनामों, चार संख्यावाचक शब्दों, विशेषणशब्दों तथा एक संज्ञावाचक शब्द का तीनों लिङ्गों में प्रथमान्त रूप तथा एक क्रिया के प्रथम पुरुष के अर्थ सहित रूप तथा छात्रों एवं अध्यापको के लिये कुछ आवश्यक निर्देश।
पृष्ठ ५—लट्लकार के कर्तृवाच्य में रूप और उनके अर्थ।
पृष्ठ ६—लोट्लकार के कर्तृवाच्य के रूप और उनके अर्थ।
पृष्ठ ७—लिङ्लकार के कर्तृवाच्य के रूप और उनके अर्थ।
पृष्ठ ८—लङ्लकार के कर्तृवाच्य के रूप और उनके अर्थ।
पृष्ठ ९—लुङ्लकार के कर्तृवाच्य के रूप और उनके अर्थ।
पृष्ठ १०—णिजन्त धातु और उनके कर्तृवाच्य में छ लकारों में रूप और उनके अर्थ।
पृष्ठ ११—सभी धातुओं के कर्मवाच्य, भाववाच्य तथा कर्मकर्तृवाच्य के रूप एवं उनके अर्थ।
पृष्ठ १२—णिजन्त (प्रेरणार्थक) क्रियाओं के कर्मवाच्य के रूप और उनके अर्थ।
पृष्ठ १३—तुमुन् क्त्वा ल्यप् तथा णमुल् इन प्रत्ययों से बने हुए रूप और उनके अर्थ।
पृष्ठ १४—तव्यत्, अनीयर् ण्यत् एवं यत् आदि कृत्य प्रत्यय एवं क्त, क्तवतु इन कृत् प्रत्ययों से बने हुए रूप तथा उनके अर्थ।
पृष्ठ १५—शतृ, शानच्, स्यतृ, स्यमान, ण्वुल्, तृच् एवं णिनि आदि कृत् प्रत्ययों से बने हुए रूप।
पृष्ठ १६—कर्मवाच्य एवं भाववाच्य में सानान्य तथा प्रेरणार्थक धातुओं के वर्तमान एवं भविष्यत् काल रूप तथा उनके अर्थ।
पृष्ठ १७—काल एवं उनके अवान्तर भेद तथा उनके कर्तृवाच्य में सामान्य तथा प्रेरणार्थक रूपों के हिन्दी-संस्कृत उदाहरण।
पृष्ठ १८—काल एव उनके अवान्तर भेद तथा कर्मवाच्य में हिन्दी-संस्कृत उदाहरण।
पृष्ठ १९—२० कुछ अन्य उपयोगी धातुओं के छ लकारों के रूप।
पृष्ठ २१—इस पुस्तक की धातुओं के लिट् एवं लुङ्लकार के रूप।
पृष्ठ २२—कुछ धातुओं के लुट् तथा आशीर्लिङ् के रूप तथा उपसर्ग एवं गतिसंज्ञक शब्दों की सूची।
पृष्ठ २३—कुछ धातुओं के सन्नन्त, यङन्त एवं यङ्लुगन्त रूपों के उदाहरण।

१ अक्टूबर २००८ ई०

सम्पादक—*वासुदेव द्विवेदी शास्त्री*

१—धातुओं तथा क्रियाओं के सम्बन्ध में कुछ ज्ञातव्य बातें

१—जिन मूल शब्दों से संस्कृत की क्रियायें बनती हैं उन्हें धातु कहते हैं। यथा—पठ् (पढ़ना) लिख् (लिखना) भू (होना) कृ (करना) इत्यादि।

२—संस्कृत में लगभग दो हजार धातुएँ हैं। इन समस्त धातुओं को संस्कृत व्याकरण में दश गणों में बाँट दिया गया है। जिन धातुओं के रूप एक समान होते हैं वे एक गण में रखे गये हैं। गणों के नाम तथा इन गणों में भेद होने के कारणों को बायें पृष्ठ पर पढ़िये और उन्हें हृदयस्थ कर लीजिये।

३—धातु तीन प्रकार के होते हैं, परस्मैपदी, आत्मनेपदी तथा उभयपदी। जिनमें परस्मैपद प्रत्यय लगते हैं वे परस्मैपदी, जिनमें आत्मनेपद प्रत्यय लगते हैं वे आत्मनेपदी तथा जिनमें दोनों प्रत्यय लगते हैं वे उभयपदी कहलाते हैं। इस भेद को बायें पृष्ठ पर समझें।

४ - धातु पुनः तीन प्रकार के होते हैं, सकर्मक अकर्मक तथा द्विकर्मक। जिन धातुओं में कर्म लगता है वे सकर्मक, जिन धातुओं में कर्म नहीं लगता है वे अकर्मक तथा जिन धातुओं में दो कर्म लगते हैं वे द्विकर्मक कहलाते हैं। इस भेद को बायें पृष्ठ पर समझें।

५—धातुओं के तीन भेद और हैं। सेट्, अनिट्, तथा वेट्। जिनमें धातु और प्रत्यय के बीच में इट् (इ) लगता है वे सेट् जिनमें नहीं लगता वे अनिट् तथा जिनमें विकल्प से लगता है वे वेट् कहलाते हैं। इनकी पहचान बायें पृष्ठ पर करें।

६—पठ् आदि धातुओं में जिन प्रत्ययों के लगने से पठति, पठतः, पठन्ति आदि क्रियापद बनते हैं उन्हें तिङ् प्रत्यय कहते हैं। वे अठारह प्रकार के होते हैं। इनमें नो परस्मैपद होते हैं और नो आत्मनेपद। परस्मैपदी धातुओं में परस्मैपद प्रत्यय, आत्मनेपदी धातुओं में आत्मनेपद प्रत्यय तथा उभयपदी धातुओं में उक्त दोनों प्रकार के प्रत्यय लगते हैं। दोनों प्रकार के प्रत्यय आगे के पृष्ठों पर लिखे हुए हैं। विद्यार्थी उन्हें ध्यान से पढ़ें और देखें कि इन प्रत्ययों के लगाने से किस प्रकार धातुओं के विभिन्न रूप बनने लगते हैं। उपर्युक्त अठारह प्रकार के तिङ् प्रत्यय केवल वर्तमान काल के ही रूपों में लगते हैं परन्तु इन्हीं में थोड़ा बहुत परिवर्तन एवं परिवर्धन करने से अन्य कालों के रूप बन जाते हैं। इस बात को विद्यार्थी ध्यान देकर अगले पृष्ठों में देखें और समझें धातुओं के अन्त में तिङ् प्रत्ययों के लगाने से ही क्रियायें बनती हैं और इसीलिए संस्कृत में क्रियापदों को तिङन्त कहते हैं।

७—धातुओं में लगने वाले तिङ् प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं, सार्वधातुक एवं आर्धधातुक। लट्, लोट्, लङ् तथा लिङ् लकार में लगने वाले प्रत्यय सार्वधातुक तथा शेष लकारों में लगने वाले प्रत्यय आर्धधातुक कहलाते हैं।

८—संस्कृत व्याकरण के अनुसार संस्कृत क्रियाओं में छः कालभेद तथा चार अर्थप्रकार (Moods) होते हैं। इन्हें प्रकट करने के लिए संस्कृत व्याकरण में दस लकार माने गये हैं। वे लकार ये हैं—लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लोट्, लङ्, लिङ्, लुङ् तथा लृङ्। लिङ् के दो भेद होते हैं; विधिलिङ् तथा आशीर्लिङ्। किस काल और किस अर्थ में कौन लकार होता है इसे विद्यार्थी अगले पृष्ठों में देखें और अच्छी तरह समझ लें।

९—संस्कृत व्याकरण में लकारों का क्रम ऐसा ही दिया हुआ है, परन्तु इस पुस्तक में यह क्रम नहीं रखा गया है। इसमें पहले लट्, लृट्, लोट्, लिङ्, लङ् एवं लृङ् के रूप दिये गए हैं। क्योंकि लट् एवं लृट् तथा लङ् और लृङ् के रूप एक समान होते हैं और इसलिए इन्हें कण्ठस्थ रखने में सुविधा होती है। इनके अतिरिक्त लोट् और लिङ् के रूप दिये गए हैं जो अर्थ की दृष्टि से बहुत कुछ समान होते हैं। परन्तु लिट् तथा लुङ् लकार के रूप भिन्न होते हैं जो अन्त में दिये गये हैं। शेष लुट् तथा आशीर्लिङ् के भी कुछ रूप इस पुस्तक में दिये गये हैं।

१०—संस्कृत में बोलने तथा लिखने के लिए प्रारम्भ में केवल ६ प्रकार के रूपों को कण्ठस्थ रखना आवश्यक है। शेष रूपों का ज्ञान साहित्य के अध्ययन के लिए होना चाहिए।

११—संस्कृत व्याकरण में बतलाये गए कालभेदों के अतिरिक्त हिन्दी में और भी अनेक प्रकार के कालभेद होते हैं। उनका संस्कृत में जिस प्रकार प्रयोग किया जाता है वह इस पुस्तक के अन्त में लिखा है। उसे विद्यार्थी ध्यान से देखें और मन में बैठा लें।

१२—जिस प्रकार धातुओं मे तिङ् प्रत्यय लगते हैं उसी प्रकार कृत् प्रत्यय भी लगते है। कृत् प्रत्ययों से बने हुए शब्द कृदन्त कहलाते हैं। वे प्रत्यय इस पुस्तक में आगे लिखे हुए है।

१३—संस्कृत में क्रियाओं के रूप चार वाच्यो में चलते हैं—कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य तथा कर्मकर्तृवाच्य। इनके नियम तथा प्रयोग आगे लिखे हुए हैं। विद्यार्थी इन्हें भी ध्यान देकर हृदयंगम कर लें।

मूल धातुओं के गण, उनकी संख्या तथा उनमें होने वाले शप् आदि प्रत्यय, जिनके कारण धातुओं के रूप परस्पर भिन्न हो जाते हैं।

शप् आदि निम्नलिखित प्रत्यय केवल लट् लोट् लङ् एवं लिङ् लकार में तथा शतृ एवं शानच् प्रत्यय में ही होते हैं।

	गण	मूल धातु संख्या	गणकार्य (प्रत्यय)	उदाहरण
समान रूप वाले गण	भ्वादि गण	१०३५	शप्—अ	भू-अ-ति-भवति (गुण-अव्)। पठ्-अ-ति-पठति। खेल-अ-ति-खेलति। जि-अ-ति-जयति (गुण अय्) नी-अ-ति-नयति (गुणअय्)।
	तुदादि गण	१५६	श—अ	हृ-अ-ति—हरति (गुण)। ह्वे-अ-ति—ह्वयति (अय्)। गै-अ-ति—गायति (आय्)।
	दिवादि गण	१२०	श्यन्—य	तुद्-अ-ति—तुदति। लिख-अ-ति—लिखति। प्रच्छ-अ-ति—पृच्छति (प्रच्छ-पृच्छ)। मृ-अ-ते—म्रियते (इयङ्)।
	चुरादि गण	४४१	णि-इ, शप्—अ	दिव्-य-ति—दीव्यति। बुध्-य-ते—बुध्यते। विद्-य-ते—विद्यते। जन्-य-ते—जायते (जन्-जा)।
				चुर-इ-अ-ति—चोरयति (इ को गुण अय्)। कथ-इ-अ-ति—कथयति। प्र-अर्थ-इ-अ-ते—प्रार्थयते।
भिन्न रूप वाले गण	अदादि गण	७२	×	अद्-ति-अति। अस्-ति—अस्ति। हन्-ति—हन्ति। वच्-ति—वक्ति। ब्रू-ते—ब्रूते। या-ति—याति। शी-ते—शेते।
	जुहोत्यादि गण	२४	द्वित्व (धातु को	जु-हु-ति—जुहोति। दा-दा-ति—ददाति-दत्ते। धा-धा-ति—दधाति-धत्ते। भी-भी-ति—बिभेति। भृ-भृ-ति—बिभर्ति।
	स्वादि गग	३५	श्नु—नु	शक्-नु-ति—शक्नोति। आप्-नु-ति—आप्नोति। चि-नु-ति—चिनोति। वृ-नु-ति-ते—वृणोति-वृणुते। (नु को गुण)।
	तनादि गण	१०	उ	तन्-उ-ति-ते—तनोति-तनुते—कृ-करोति-कुरुते। मन्-उ-ते—मनुते। वृण-उ-ते—वृणुते।
	रुधादि गण	२५	श्नम्—न	रुध्-न-ति—रुणद्धि। युज्-न-ति—युनक्ति (धातु के बीच में न होता है) भुज्-न-ति—भुनक्ति। पिस्-न-ति—पिनष्टि।
	क्रयादि गण	६०	श्ना—ना	क्री-ना-ति—क्रीणाति। ज्ञा-ना-ति—जानाति। ग्रह-ना-ति—गृह्णाति। बन्ध-ना-ति—बध्नाति। ग्रथ्-ना-ति-ग्रथनाति।
	कण्ड्वादि गण	४८	यक्—य	कण्डू-य-ति-ते—कण्डूयति-कण्डूयते। मही-य-ते—महीयते। असू-य-ते—असूयते।

सूचना—उपर्युक्त २०१८ धातुओं में लगभग २०० धातु ही अधिक व्यवहार में आते हैं जिनका उल्लेख इस पुस्तक में कर दिया गया है। विद्यार्थी इन्हें एक बार ध्यान से देख लें।

प्रत्ययान्त धातुओं के रूप तथा उनमें होने वाले विशेष प्रत्यय

णिजन्त	प्रेरणार्थक णिच्-इ	पठ—पाठयति	पढ़ाता है।
सन्नन्त	इच्छार्थक सन्-स	पठ—पिपठिषति	पढ़ाना चाहता है।
यङन्त	पौनः पुन्यार्थक-यङ्-य	पठ्—पापठ्यते	बार-बार पढ़ता है।
यङ्लुगन्त	,, ,, लुक्	पठ्—पापठीति	बहुत पढ़ता है।
नामधातु	इच्छार्थक क्यच्-य	पुत्र—पुत्रीयति	
,,	,, काम्यच्-काम्य	पुत्र—पुत्रकाम्यति	पुत्र चाहता है।
,,	आचरणार्थक-क्यच्-य	पुत्रीयति छात्रम्	छात्र को पुत्र के समान मानता है।
,,	,, क्यच्-य	हंस—हंसायते	हंस जैसा आचरण करता है।
,,	,, ,,	तरुण-तरुणायते	तरुण जैसा होता है।
अनुकरणात्मक	डाच्-आ	पटपटाकरोति	पट् पट् करता है।
		पटपटायते	,, ,,
अभूततद्भाव	च्वि-इ	विमलीकरोति	साफ करता है।

नोट—इनका विशेष विवरण पृष्ठ २३ पर देखें।

२४ धातु, जिनके रूप इस पुस्तक में दिये गये हैं।

अस् ★ (पर० अक०) होना, रहता	प्रच्छ (पर० द्वि० अ०) पूछना
कृ (उभ० सक० से०) करना	कथ (पर० द्वि० अ०) कहना
भू (पर० अक० से०) होना	ग्रह (उभ० सक० से०) लेना
पठ् (पर० सक० से०) पढ़ना	ज्ञा (उभ० सक० अ०) जानना
वद् (पर० द्वि० से०) बोलना	दा (उभ० सक० अ०) देना
गम् (पर० सक० अ०)	श्रु (उभ० सक० अ०) सुनना
स्था (पर० अक० ऊ०) ठहरना	शक् (उभ० सक० अ०) सकना
पा (पर० सक० अ०) पीना	प्राप् (उभ० द्वि० अ०) पाना
दृश् (पर० सक० अ०) देखना	शी (आ० अक० से०) सोना
नी (उभ० द्वि० अ०) ले जाना	जागृ (पर० अक० से०) जागना
लिख् (पर० सक० से०) लिखना	याच् (आत्म० द्वि० से०) माँगना
इष् (प० सक० से०) चाहना	मन् (आत्म० सक० अ०) मानना

★ अस् धातु के केवल लट् लोट् लिङ् लङ् एवं शतृ में ही रूप चलते हैं। शेष लकारों के रूप भू धातु के ही समान होते हैं।

१—धातुओं तथा क्रियाओं के सम्बन्ध में कुछ ज्ञातव्य बातें

१—जिन मूल शब्दों से संस्कृत की क्रियायें बनती हैं उन्हें धातु कहते हैं। यथा—पठ् (पढ़ना) लिख् (लिखना) भू (होना) कृ (करना) इत्यादि।

२—संस्कृत में लगभग दो हजार धातुएँ हैं। इन समस्त धातुओं को संस्कृत व्याकरण में दश गणों में बाँट दिया गया है। जिन धातुओं के रूप एक समान होते हैं वे एक गण में रखे गये हैं। गणों के नाम तथा इन गणों में भेद होने के कारणों को बायें पृष्ठ पर पढ़िये और उन्हें हृदयस्थ कर लीजिये।

३—धातु तीन प्रकार के होते हैं, परस्मैपदी, आत्मनेपदी तथा उभयपदी। जिनमें परस्मैपद प्रत्यय लगते हैं वे परस्मैपदी, जिनमें आत्मनेपद प्रत्यय लगते हैं वे आत्मनेपदी तथा जिनमें दोनों प्रत्यय लगते हैं वे उभयपदी कहलाते हैं। इस भेद को बायें पृष्ठ पर समझें।

४ - धातु पुनः तीन प्रकार के होते हैं, सकर्मक अकर्मक तथा द्विकर्मक। जिन धातुओं में कर्म लगता है वे सकर्मक, जिन धातुओं में कर्म नहीं लगता है वे अकर्मक तथा जिन धातुओं में दो कर्म लगते हैं वे द्विकर्मक कहलाते हैं। इस भेद को बायें पृष्ठ पर समझें।

५—धातुओं के तीन भेद और हैं। सेट्, अनिट्, तथा वेट्। जिनमें धातु और प्रत्यय के बीच में इट् (इ) लगता है वे सेट् जिनमें नहीं लगता वे अनिट् तथा जिनमें विकल्प से लगता है वे वेट् कहलाते हैं। इनकी पहचान बायें पृष्ठ पर करें।

६—पठ् आदि धातुओं में जिन प्रत्ययों के लगने से पठति, पठतः, पठन्ति आदि क्रियापद बनते हैं उन्हें तिङ् प्रत्यय कहते हैं। वे अठारह प्रकार के होते हैं। इनमें नौ परस्मैपद होते हैं और नौ आत्मनेपद। परस्मैपदी धातुओं में परस्मैपद प्रत्यय, आत्मनेपदी धातुओं में आत्मनेपद प्रत्यय तथा उभयपदी धातुओं में उक्त दोनों प्रकार के प्रत्यय लगते हैं। दोनों प्रकार के प्रत्यय आगे के पृष्ठों पर लिखे हुए हैं। विद्यार्थी उन्हें ध्यान से पढ़ें और देखें कि इन प्रत्ययों के लगाने से किस प्रकार धातुओं के विभिन्न रूप बनने लगते हैं। उपर्युक्त अठारह प्रकार के तिङ् प्रत्यय केवल वर्तमान काल के ही रूपों में लगते हैं परन्तु इन्हीं में थोड़ा बहुत परिवर्तन एवं परिवर्धन करने से अन्य कालों के रूप बन जाते हैं। इस बात को विद्यार्थी ध्यान देकर अगले पृष्ठों में देखें और समझें धातुओं के अन्त में तिङ् प्रत्ययों के लगाने से ही क्रियायें बनती हैं और इसीलिए संस्कृत में क्रियापदों को तिङन्त कहते हैं।

७—धातुओं में लगने वाले तिङ् प्रत्यय दो प्रकार के होते हैं, सार्वधातुक एवं आर्धधातुक। लट्, लोट्, लङ् तथा लिङ् लकार में लगने वाले प्रत्यय सार्वधातुक तथा शेष लकारों में लगने वाले प्रत्यय आर्धधातुक कहलाते हैं।

८—संस्कृत व्याकरण के अनुसार संस्कृत क्रियाओं में छः कालभेद तथा चार अर्थप्रकार (Moods) होते हैं। इन्हें प्रकट करने के लिए संस्कृत व्याकरण में दस लकार माने गये हैं। वे लकार ये हैं—लट्, लिट्, लुट्, लृट्, लोट्, लङ्, लिङ्, लुङ् तथा लृङ्। लिङ् के दो भेद होते हैं; विधिलिङ् तथा आशीर्लिङ्। किस काल और किस अर्थ में कौन लकार होता है इसे विद्यार्थी अगले पृष्ठों में देखें और अच्छी तरह समझ लें।

९—संस्कृत व्याकरण में लकारों का क्रम ऐसा ही दिया हुआ है, परन्तु इस पुस्तक में यह क्रम नहीं रखा गया है। इसमें पहले लट्, लृट्, लोट्, लिङ्, लङ् एवं लृङ् के रूप दिये गए हैं। क्योंकि लट् एवं लृट् तथा लङ् और लृङ् के रूप एक समान होते हैं और इसलिए इन्हें कण्ठस्थ रखने में सुविधा होती है। इनके अतिरिक्त लोट् और लिङ् के रूप दिये गए हैं जो अर्थ की दृष्टि से बहुत कुछ समान होते हैं। परन्तु लिट् तथा लुङ् लकार के रूप भिन्न होते हैं जो अन्त में दिये गये हैं। शेष लुट् तथा आशीर्लिङ् के भी कुछ रूप इस पुस्तक में दिये गये हैं।

१०—संस्कृत में बोलने तथा लिखने के लिए प्रारम्भ में केवल ६ प्रकार के रूपों को कण्ठस्थ रखना आवश्यक है। शेष रूपों का ज्ञान साहित्य के अध्ययन के लिए होना चाहिए।

११—संस्कृत व्याकरण में बतलाये गए कालभेदों के अतिरिक्त हिन्दी में और भी अनेक प्रकार के कालभेद होते हैं। उनका संस्कृत में जिस प्रकार प्रयोग किया जाता है वह इस पुस्तक के अन्त में लिखा है। उसे विद्यार्थी ध्यान से देखें और मन में बैठा लें।

१२—जिस प्रकार धातुओं में तिङ् प्रत्यय लगते हैं उसी प्रकार कृत् प्रत्यय भी लगते हैं। कृत् प्रत्ययों से बने हुए शब्द कृदन्त कहलाते हैं। वे प्रत्यय इस पुस्तक में आगे लिखे हुए हैं।

१३—संस्कृत में क्रियाओं के रूप चार वाच्यों में चलते हैं—कर्तृवाच्य, कर्मवाच्य, भाववाच्य तथा कर्मकर्तृवाच्य। इनके नियम तथा प्रयोग आगे लिखे हुए हैं। विद्यार्थी इन्हें भी ध्यान देकर हृदयंगम कर लें।

२—वर्त्तमान काल—लट्लकार—कर्तृवाच्य के रूप।

(कर्तृवाच्यमें कर्त्तामें प्रथमा, कर्ममें द्वितीया तथा क्रिया कर्त्ताके पुरुष एवं वचन के अनुसार होती है)

	प्रथम पुरुष के रूप			मध्यम पुरुष के रूप			उत्तम पुरुष के रूप		
	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प०प्र०	तिप्	तस्	झि अन्ति	सिप्	थस्	थ	मिप्	वस्	मस्
	सः वह	तौ वे दोनों	ते वे सब	त्वम् तुम	युवाम् तुम दोनों	यूयम् तुम सब	अहम् मैं	आवाम् हम दोनों	वयम् हम सब
अस्	अस्ति है	स्तः हैं	सन्ति हैं	असि हो	स्थः हो	स्थ हो	अस्मि हूँ	स्वः हैं	स्मः हैं
कृ	करोति करता है	कुरुतः करते हैं	कुर्वन्ति =	करोषि करते हो	कुरुथः	कुरुथ=	करोमि करता हूँ	कुर्वः करते हैं	कुर्मः
भू	भवति होता है	भवतः होते हैं	भवन्ति=	भवसि होते हो	भवथः=	भवथ =	भवामि होता हूँ	भवावः होते हैं	भवामः
पठ्	पठति पढ़ता है	पठतः पढ़ते हैं	पठन्ति=	पठसि पढ़ते हो	पठथः =	पठथ =	पठामि पढ़ता हूँ	पठावः पढ़ते हैं	पठामः
वद्	वदति बोलता है	वदतः बोलते हैं	वदन्ति=	वदसि बोलते हो	वदथः=	वदथ=	वदामि बोलता हूँ	वदावः बोलते हैं	वदामः
गम् १	गच्छति जाता है	गच्छतः जाते हैं	गच्छन्ति=	गच्छसि जाते हो	गच्छथः=	गच्छथ	गच्छामि जाता हूँ	गच्छावः जाते हैं	गच्छामः
स्था २	तिष्ठति ठहरता है	तिष्ठतः ठहरते हैं	तिष्ठन्ति=	तिष्ठसि ठहरते हो	तिष्ठथः =	तिष्ठथ=	तिष्ठामि ठहरता हूँ	तिष्ठावः ठहरते हैं	तिष्ठामः
पा ३	पिबति पीता है	पिबतः पीते हैं	पिबन्ति=	पिबसि पीते हो	पिबथः =	पिबथ =	पिबामि पीता हूँ	पिबावः पीते हैं	पिबामः
दृश् ४	पश्यति देखता है	पश्यतः देखते है	पश्यन्ति=	पश्यसि देखते हो	पश्यथः=	पश्यथ =	पश्यामि देखता हूँ	पश्यावः देखते हैं	पश्यामः
नी	नयति ले जाता है	नयतः ले जाते हैं	नयन्ति=	नयसि ले जाते हो	नयथः=	नयथ=	नयामि ले जाता हूँ	नयावः ले जाते हैं	नयामः
लिख्	लिखति लिखता है	लिखतः लिखते हैं	लिखन्ति=	लिखसि लिखते हो	लिखथः=	लिखथ=	लिखामि लिखता हूँ	लिखावः लिखते हैं	लिखामः
इष् ५	इच्छति चाहता है	इच्छतः चाहते हैं	इच्छन्ति=	इच्छसि चाहते हो	इच्छथः =	इच्छथ =	इच्छामि चाहता हूँ	इच्छावः चाहते हैं	इच्छामः
प्रच्छ्	पृच्छति पूछता है	पृच्छतः पूछते हैं	पृच्छन्ति=	पृच्छसि पूछते हो	पृच्छथः=	पृच्छथ=	पृच्छामि पूछता हूँ	पृच्छावः पूछते हैं	पृच्छामः
कथ	कथयति कहता है	कथयतः कहते हैं	कथयन्ति=	कथयसि कहते हो	कथयथः =	कथयथ=	कथयामि कहता हूँ	कथयावः कहते हैं	कथयामः
ज्ञा ६	जानाति जानता है	जानीतः जानते हैं	जानन्ति =	जानासि जानते हो	जानीथः =	जानीथ=	जानामि जानता हूँ	जानीवः जानते हैं	जानीमः
ग्रह	गृह्णाति लेता है	गृह्णीतः लेते हैं	गृह्णन्ति=	गृह्णासि लेते हो	गृह्णीथः=	गृह्णीथ=	गृह्णामि लेता हूँ	गृह्णीवः लेते हैं	गृह्णीमः
दा	ददाति देता है	दत्तः देते हैं	ददति=	ददासि देते हो	दत्थः=	दत्थ =	ददामि देता हूँ	दद्वः देते हैं	दद्मः
श्रु	शृणोति सुनता है	शृणुतः सुनते हैं	शृण्वन्ति=	शृणोषि सुनते हो	शृणुथः =	शृणुथ =	शृणोमि सुनता हूँ	शृण्वः सुनते हैं	शृण्मः
शक्	शक्नोति सकता है	शक्नुतः सकते हैं	शक्नुवन्ति=	शक्नोषि सकते हो	शक्नुथः=	शक्नुथ =	शक्नोमि सकता हूँ	शक्नुवः सकते हैं	शक्नुमः
प्रआप्	प्राप्नोति पाता है	प्राप्नुतः पाते हैं	प्राप्नुवन्ति=	प्राप्नोषि पाते हो	प्राप्नुथः=	प्राप्नुथ =	प्राप्नोमि पाता हूँ	प्राप्नुवः पाते हैं	प्राप्नुमः
जागृ	जागर्ति जागता है	जागृतः जागते हैं	जाग्रति=	जागर्षि जागते हो	जागृथः =	जागृथ =	जागर्मि जागता हूँ	जागृवः जागते हैं	जागृमः
आ०प्र०	त	आताम्	झ	थास्	आथाम्=	ध्वम् =	इट्	वहि	महिङ्
शी	शेते सोता है	शयाते सोते हैं	शेरते=	शेषे सोते हो	शयाथे =	शेध्वे=	शये सोता हूँ	शेवहे सोते हैं	शेमहे
याच्	याचते माँगता है	याचेते माँगते है	याचन्ते=	याचसे माँगते हो	याचेथे=	याचध्वे =	याचे मांगता हूँ	याचावहे माँगते हैं	याचामहे
मन्	मन्यते मानता है	मन्येते मानते हैं	मन्यन्ते=	मन्यसे मानते हो	मन्येथे=	मन्यध्वे=	मन्ये मानता हूँ	मन्यावहे मानते हैं	मन्यामहे

रात्रौ	रात्रि में
रूप्यकम्	रुपया
आज्ञाम्	आज्ञा

सूचना १—ऊपर के वर्त्तमान काल के रूपों में "स्म" लगा देने से भूतकाल का अर्थ हो जाता है। यथा—सः पठति स्म—वह पढ़ता था, सः करोति स्म, वह करता था इत्यादि।

२—१, २, ३, ४, ५, ६, ७ संख्यक धातुओं के लट्, लोट् लङ् एवं लिङ् लकार में क्रमशः गच्छ, तिष्ठ, पिब, पश्य, इच्छ, जा एवं शृणु ऐसे रूप हो जाते हैं।

३—उपर्युक्त धातुओं के कण्ठस्थ हो जाने के बाद पृष्ठ १८, १९ में लिखित धातुओं को भी कण्ठस्थ कर उनका प्रयोग करना चाहिये।

३---छात्रों तथा अध्यापकों को कुछ आवश्यक निर्देश

१—बायीं ओर वर्त्तमान काल के पृष्ठ में प्रथम पुरुष के कर्त्ता के रूप में दिये गये "सः तौ ते" के स्थान पर नीचे लिखे सभी सर्वनाम शब्दों, संख्यावाचक शब्दों, विशेषण शब्दों एवं संज्ञावाचक शब्दों के तीनों लिङ्गों के रूपों को अर्थ के साथ कण्ठस्थ कर इनका समस्त धातुरूपों के साथ प्रयोग करने का अभ्यास करना चाहिये। इसके बाद आगे के रूप पढ़ें।

	पुंलिङ्ग रूप			स्त्रीलिंग रूप			नपुंसकलिंग रूप		
सर्वनाम शब्द	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
तत् वह	सः वह, उसने	तौ वे दोनों, उन दोनों ने	ते वे सब, उन सबों ने	सा	ते	ताः	तत्	ते	तानि
एतत्-यह	एषः यह, इसने	एतौ ये दोनों, इन दोनों ने	एते ये सब, इन सबों ने	एषा	एते	एताः	एतत्	एते	एतानि
यत्-जो	यः जो, जिसने	यौ जो दोनों, जिन दोनों ने	ये जो सब जिन सबों ने	या	ये	याः	यत्	ये	यानि
किम्-कौन	कः कौन, किसने	कौ कौन दो, किन दोनों ने	के कौन सब, किन सबों ने	का	के	काः	किम्	के	कानि
अदस्-वह	असौ वह, उसने	अमू वे दोनों, उन दोनों ने	अमी वे सब, उन सबों ने	असौ	अमू	अमूः	अदः	अमू	अमूनि
इदम्-यह	अयम् यह, इसने	इमौ ये दोनों, इन दोनों ने	इमे ये सब, इन सबों ने	इयम्	इमे	इमाः	इदम्	इमे	इमानि
भवत्-आप	भवान् आप, आपने	भवन्तौ आप दोनों, आप दोनों ने	भवन्तः आप सब, आपसबों ने	भवती	भवत्यौ	भवत्यः	भवत्	भवतो	भवन्ति
सर्व-सब	सर्वः सब, सबने	सर्वौ सब, सब दोनों ने	सर्वे सब, सब लोगों ने	सर्वा	सर्वे	सर्वाः	सर्वम्	सर्वे	सर्वाणि
किञ्चित्-कोई	कश्चित्, कोई, किसी ने	कौचित् कोई दोनों, किन्हीं,,	केचित् कुछ लोग, किन्हीं लोगों ने	काचित्	केचित्	काश्चित्	किञ्चित्	केचित्	कानिचित्
किञ्चत्-कोई	कश्चन ,,	कौचन ,,	केचन ,, ,,	काचन	केचन	काश्चन	किञ्चन	केचन	कानिचन
संख्या शब्द									
एक, द्वि, त्रि, चतुर्	एकः	द्वौ	त्रयः, चत्वारः	एका	द्वे	तिस्रःचतस्रः	एकम्	द्वे, त्रीणि, चत्वारि	
विशेषण शब्द									
	सुन्दरः	सुन्दरौ	सुन्दराः	सुन्दरी	सुन्दर्यौ	सुन्दर्यः	सुन्दरं	सुन्दरे	सुन्दराणि
	उत्तमः	उत्तमौ	उत्तमाः	उत्तमा	उत्तमे	उत्तमाः	उत्तमं	उत्तमे	उत्तमानि
संज्ञा शब्द	बालकः	बालकौ	बालकाः	बालिका	बालिके	बालिकाः	पुस्तकं	पुस्तके	पुस्तकानि
क्रियापद	अस्ति	स्तः	सन्ति	अस्ति	स्तः	सन्ति	अस्ति	स्तः	सन्ति

२—ऊपर एक से १० तक सर्वनाम शब्द के रूप हैं। उन्हीं के समान पुंलिङ्ग स्त्रीलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग संज्ञावाचक तथा विशेषण शब्दों के साथ भी क्रियापदों को जोड़कर वाक्य बनाने का अभ्यास करना चाहिए।

३—पृष्ठ दो में लिखे क्रमों के अनुसार छात्रों को प्रत्येक सकर्मक क्रिया के साथ अपनी बुद्धि से एक दो और कर्म लगाने का भी अभ्यास करना चाहिये।

४—पृष्ठ दो के अनुसार छात्रों को प्रत्येक अकर्मक क्रिया के साथ भी अपनी बुद्धि से एक दो संज्ञाशब्द तथा विशेषणशब्द लगाने का अभ्यास करना चाहिये।

५—एक कर्त्ता एवं एक क्रिया वाले वाक्य में किं (क्या) कुत्र (कहाँ) कथम् (कैसे) कदा (कब) किमर्थम् (किसलिये) आदि अव्ययों को जोड़कर प्रश्नवाचक वाक्य बनाने का अभ्यास करना चाहिये। इसी प्रकार "न" लगाकर निषेधवाचक तथा 'आम्' लगाकर स्वीकार वाचक वाक्य बनाने का अभ्यास करना चाहिये यथा—न शृणोमि, आम्, शृणोमि इत्यादि।

६—उपर्युक्त सभी निर्देशों के अनुसार वर्त्तमानकाल के वाक्यों का अनुवाद बनाने का अभ्यास हो जाने के बाद आगे के सभी कालों एवं लकारों में अनुवाद बनाना चाहिये।

७—धातुओं में उपसर्गों के लगने से उनका अर्थ बदल जाता है जैसे—गम् धातु में आ लगने से आगच्छति आता है, नी धातु में आ लगने से आनयति ले आता है, स्था धातु में उत् लगाने से उत्तिष्ठति उठता है, गम् धातु में अव लगने से अवगच्छति समझता है इत्यादि। उपसर्गों की विशेष जानकारी के लिए पृष्ठ २२ देखें और उसे ध्यान में रखें।

८—हिन्दी की क्रियाओं में लिङ्ग भेद होता है अतः संस्कृत क्रियाओं का हिन्दी अनुवाद करते समय इसका ध्यान रखना चाहिये।

४—भविष्यत् काल—लृट् लकार—कर्तृवाच्य के रूप

	प्रथम पुरुष के रूप			मध्यम पुरुष के रूप			उत्तम पुरुष के रूप		
	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प०प्र०	स्यति	स्यतः	स्यन्ति	स्यसि	स्यथः	स्यथ	स्यामि	स्यावः	स्यामः
	सः वह	तौ वे दोनों	ते वे सब	त्वम् तुम	युवाम् तुम दोनों	यूयम् तुम सब	अहम् मैं	आवाम् हम दोनों	वयम् हम सब
कृ	करिष्यति करेगा	करिष्यतः करेंगे	करिष्यन्ति=	करिष्यसि करोगे	करिष्यथः=	करिष्यथ=	करिष्यामि करूँगा	करिष्यावः करेंगे	करिष्यामः=
भू	भविष्यति होगा	भविष्यतः होंगे	भविष्यन्ति=	भविष्यसि होगे	भविष्यथः=	भविष्यथ=	भविष्यामि होऊँगा	भविष्यावः होंगे	भविष्यामः=
पठ्	पठिष्यति पढ़ेगा	पठिष्यतः पढ़ेंगे	पठिष्यन्ति=	पठिष्यसि पढ़ोगे	पठिष्यथः=	पठिष्यथ=	पठिष्यामि पढ़ूँगा	पठिष्यावः पढ़ेंगे	पठिष्यामः=
वद्	वदिष्यति बोलेगा	वदिष्यतः बोलेंगे	वदिष्यन्ति=	वदिष्यसि बोलोगे	वदिष्यथः=	वदिष्यथ=	वदिष्यामि बोलूँगा	वदिष्यावः बोलेंगे	वदिष्यामः=
गम्	गमिष्यति जायेगा	गमिष्यतः जायेंगे	गमिष्यन्ति=	गमिष्यसि जाओगे	गमिष्यथः=	गमिष्यथ=	गमिष्यामि जाऊँगा	गमिष्यावः जायेंगे	गमिष्यामः=
स्था	स्थास्यति ठहरेगा	स्थास्यतः ठहरेंगे	स्थास्यन्ति=	स्थास्यसि ठहरोगे	स्थास्यथः=	स्थास्यथ=	स्थास्यामि ठहरूँगा	स्थास्यावः ठहरेंगे	स्थास्यामः=
पा	पास्यति पीयेगा	पास्यतः पीयेंगे	पास्यन्ति=	पास्यसि पीओगे	पास्यथः=	पास्यथ=	पास्यामि पीऊँगा	पास्यावः पीयेंगे	पास्यामः=
दृश्	द्रक्ष्यति लिखेगा	द्रक्ष्यतः देखेंगे	द्रक्ष्यन्ति=	द्रक्ष्यसि देखोगे	द्रक्ष्यथः=	द्रक्ष्यथ=	द्रक्ष्यामि देखूँगा	द्रक्ष्यावः देखेंगे	द्रक्ष्यामः=
नी	नेष्यति ले जायेगा	नेष्यतः ले जायेंगे	नेष्यन्ति=	नेष्यसि ले जाओगे	नेष्यथः=	नेष्यथ=	नेष्यामि ले जाऊँगा	नेष्यावः ले जायेंगे	नेष्यामः=
लिख्	लेखिष्यति लिखेगा	लेखिष्यतः लिखेंगे	लेखिष्यन्ति=	लेखिष्यसि लिखोगे	लेखिष्यथः	लेखिष्यथ=	लेखिष्यामि लिखूँगा	लेखिष्यावः लिखेंगे	लेखिष्यामः=
इष्	एषिष्यति चाहेगा	एषिष्यतः चाहेंगे	एषिष्यन्ति=	एषिष्यसि चाहोगे	एषिष्यथ	एषिष्यथ=	एषिष्यामि चाहूँगा	एषिष्यावः चाहेंगे	एषिष्यामः=
प्रच्छ	प्रक्ष्यति पूछेगा	प्रक्ष्यतः पूछेंगे	प्रक्ष्यन्ति=	प्रक्ष्यसि पूछोगे	प्रक्ष्यथ=	प्रक्ष्यथ=	प्रक्ष्यामि पूछूँगा	प्रक्ष्यावः पूछेंगे	प्रक्ष्यामः=
कथ	कथयिष्यति कहेगा	कथयिष्यतः कहेंगे	कथयिष्यन्ति=	कथयिष्यसि कहोगे	कथयिष्यथः	कथयिष्यथ=	कथयिष्यामि कहूँगा	कथयिष्यावः कहेंगे	कथयिष्यामः=
ज्ञा	ज्ञास्यति जानेगा	ज्ञास्यतः जानेंगे	ज्ञास्यन्ति=	ज्ञास्यसि जानोगे	ज्ञास्यथः=	ज्ञास्यथ=	ज्ञास्यामि जानूँगा	ज्ञास्यावः जानेंगे	ज्ञास्यामः=
ग्रह	ग्रहीष्यति लेगा	ग्रहीष्यतः लेंगे	ग्रहीष्यन्ति=	ग्रहीष्यसि लोगे	ग्रहीष्यथः=	ग्रहीष्यथ=	ग्रहीष्यामि लूँगा	ग्रहीष्यावः लेंगे	ग्रहीष्यामः=
दा	दास्यति देगा	दास्यतः देंगे	दास्यन्ति=	दास्यसि दोगे	दास्यथः=	दास्यथ=	दास्यामि दूँगा	दास्यावः देंगे	दास्यामः=
श्रु	श्रोष्यति सुनेगा	श्रोष्यतः सुनेंगे	श्रोष्यन्ति=	श्रोष्यसि सुनोगे	श्रोष्यथः=	श्रोष्यथ=	श्रोष्यामि सुनूँगा	श्रोष्यावः सुनेंगे	श्रोष्यामः=
शक्	शक्ष्यति सकेगा	शक्ष्यतः सकेंगे	शक्ष्यन्ति=	शक्ष्यसि सकोगे	शक्ष्यथः=	शक्ष्यथ=	शक्ष्यामि सकूँगा	शक्ष्यावः सकेंगे	शक्ष्यामः=
प्र-अप्	प्राप्स्यति पायेगा	प्राप्स्यतः पायेंगे	प्राप्स्यन्ति=	प्राप्स्यसि पाओगे	प्राप्स्यथः=	प्राप्स्यथ=	प्राप्स्यामि पाऊँगा	प्राप्स्यावः पायेंगे	प्राप्स्यामः=
जागृ	जागरिष्यति जागेगा	जागरिष्यतः जागेंगे	जागरिष्यन्ति	जागरिष्यसि जागोगे	जागरिष्यथः	जागरिष्यथ=	जागरिष्यामि जागूँगा	जागरिष्यावः जागेंगे	जागरिष्यामः
आ०प्र०	स्यते	स्येते	स्यन्ते	स्यसे	स्येथे	स्यध्वे	स्ये	स्यावहे	स्यामहे=
शी	शयिष्यते सोयेगा	शयिष्येते सोयेंगे	शयिष्यन्ते=	शयिष्यसे सोओगे	शयिष्येथे =	शयिष्यध्वे=	शयिष्ये सोऊँगा	शयिष्यावहे सोयेंगे	शयिष्यामहे=
याच्	याचिष्यते माँगेगा	याचिष्येते माँगेंगे	याचिष्यन्ते=	याचिष्यसे माँगोगे	याचिष्येथे =	याचिष्यध्वे=	याचिष्ये माँगूँगा	याचिष्यावहे माँगेंगे	याचिष्यामहे=
मन्	मंस्यते मानेगा	मंस्येते मानेंगे	मंस्यन्ते=	मंस्यसे मानोगे	मंस्येथे=	मंस्यध्वे =	मंस्ये मानूँगा	मंस्यावहे मानेंगे	मंस्यामहे=

सूचना—१—लृट् लकार में सभी धातुओं के रूप एक समान चलते हैं। विद्यार्थी इन्हें एक ही दिन में कण्ठस्थ कर सकते हैं।

२—प्रथम पुरुष में पुं० भवान् के साथ करेंगे, कीजियेगा तथा स्त्री० भवती के साथ करेंगी, कीजियेगा आदि रूप होंगे।

५—आज्ञा, प्रार्थना—लोट् लकार—कर्तृवाच्य के रूप

प्रथम पुरुष के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प०प्र०	तु	ताम्	अन्तु
	सः वह	तौ वे दोनों	ते वे सब
अस्	अस्तु होवे	स्ताम् होवें	सन्तु=
कृ	करोतु करे	कुरुताम् करें	कुर्वन्तु=
भू	भवतु होवे	भवताम् होवें	भवन्तु=
पठ्	पठतु पढ़े	पठताम् पढ़ें	पठन्तु =
वद्	वदतु बोले	वदताम् बोलें	वदन्तु =
गम्	गच्छतु जावे	गच्छताम् जावें	गच्छन्तु=
स्था	तिष्ठतु ठहरे	तिष्ठताम् ठहरें	तिष्ठन्तु =
पा	पिबतु पीये	पिबताम् पीयें	पिबन्तु =
दृश्	पश्यतु देखे	पश्यताम् देखें	पश्यन्तु=
नी	नयतु ले जावे	नयताम् ले जावें	नयन्तु=
लिख्	लिखतु लिखे	लिखताम् लिखें	लिखन्तु=
इष्	इच्छतु चाहे	इच्छताम् चाहें	इच्छन्तु=
प्रच्छ	पृच्छतु पूछे	पृच्छताम् पूछें	पृच्छन्तु=
कथ	कथयतु कहे	कथयताम् कहें	कथयन्तु =
ज्ञा	जानातु जाने	जानीताम् जानें	जानन्तु=
ग्रह	गृह्णातु लेवे	गृह्णीताम् लेवें	गृह्णन्तु =
दा	ददातु देवे	दत्ताम् देवें	ददतु=
श्रु	शृणोतु सुनो	शृणुताम् सुने	शृण्वन्तु =
शक्	शक्नोतु सके	शक्नुताम् सकें	शक्नुवन्तु =
प्रआप्	प्राप्नोतु पावे	प्राप्नुताम् पावें	प्राप्नुवन्तु=
जागृ	जागर्तु जागे	जागृताम् जागें	जाग्रतु =
आ०प्र०	ताम्	आताम्	अन्ताम्=
शी	शेताम् सोवे	शयाताम् सोवें	शेरताम्=
याच्	याचताम् मागे	याचेताम् मागें	याचन्ताम्=
मन्	मन्यताम् माने	मन्येताम् मानें	मन्यन्ताम्=

मध्यम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
हि	तम्	त
त्वम् तुम	युवाम् तुम दोनों	यूयम् तुम सब
एधि होवो	स्तम् =	स्त=
कुरु करो	कुरुतम्=	कुरुत=
भव होवो	भवतम्=	भवत=
पठ पढ़ो	पठतम्=	पठत=
वद बोलो	वदतम्=	वदत
गच्छ जाओ	गच्छतम्=	गच्छत=
तिष्ठ ठहरो	तिष्ठतम् =	तिष्ठत=
पिब पीओ	पिबतम्	पिबत=
पश्य देखो	पश्यतम्=	पश्यत=
नय ले जाओ	नयतम्=	नयत=
लिख लिखो	लिखतम्	लिखत=
इच्छ चाहो	इच्छतम्	इच्छत=
पृच्छ पूछो	पृच्छतम्=	पृच्छत=
कथय कहो	कथयतम् =	कथयत=
जानीहि जानो	जानीतम् =	जानीत=
गृहाण लो	गृह्णीतम्=	गृह्णीत=
देहि दो	दत्तम्=	दत्त=
शृणु सुनो	शृणुतम्	शृणुत =
शक्नुहि सको	शक्नुतम्=	शक्नुत=
प्राप्नुहि पाओ	प्राप्नुतम्=	प्राप्नुत=
जागृहि जागो	जागृतम्=	जागृत =
स्व	आथाम्=	ध्वम्=
शेष्व सोओ	शयाथाम्=	शेध्वम्=
याचस्व माँगो	याचेथाम्=	याचध्वम=
मन्यस्व मानो	मन्येथाम् =	मन्यध्वम्=

उत्तम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन	
आनि	आव	आम	
अहम् मैं	आवाम् हम दोनों	वयम् हम सब	
असानि होऊँ	असाव होवें	असाम	योग्यः
करवाणि करूँ	करवाव करें	करवाम	श्रमम्
भवानि होऊँ	भवाव होवें	भवाम	विद्वान्
पठानि पढ़ूँ	पठाव पढ़ें	पठाम	पुस्तकम्
वदानि बोलूँ	वदाव बोलें	वदाम	प्रियम्
गच्छानि जाऊँ	गच्छाव जावें	गच्छाम	आपणम्
तिष्ठानि ठहरूँ	तिष्ठाव ठहरें	तिष्ठाम	विद्यालये
पिबानि पीऊँ	पिबाव पीयें	पिबाम	जलम्
पश्यानि देखूँ	पश्याव देखें	पश्याम	दृश्यम्
नयानि ले जाऊँ	नयाव ले जावें	नयाम	ग्रन्थम्
लिखानि लिखूँ	लिखाव लिखें	लिखाम	पद्यम्
इच्छानि चाहूँ	इच्छाव चाहें	इच्छाम	ज्ञानम्
पृच्छानि पूछूँ	पृच्छाव पूछें	पृच्छाम	प्रश्नम्
कथयानि कहूँ	कथयाव कहें	कथयाम	वृत्तम्
जानानि जानूँ	जानाव जानें	जानाम	हिन्दीम्
गृह्णानि लूँ	गृह्णाव लें	गृह्णाम	शिक्षाम्
ददानि दूँ	ददाव देवें	ददाम	द्रव्यम्
शृणवानि सुनूँ	शृणवाव सुनें	शृणवाम	उपदेशम्
शक्नवानि सकूँ	शक्नवाव सकें	शक्नवाम	पठितुम्
प्राप्नवानि पाऊँ	प्राप्नवाव पावें	प्राप्नवाम	पुरस्कारम्
जागराणि जागूँ	जागराव जागें	जागराम	उषसि
ऐ	आवहै	आमहै	
शयै सोऊँ	शयावहै सोवें	शयामहै	आसने
याचै मागूँ	याचावहै मागें	याचामहै	द्रव्यम्
मन्यै मानूँ	मन्यावहै मानें	मन्यामहै	आदेशम्

सूचना—प्रथम पुरुष में पुं० में भवान् तथा स्त्री० भवती (आप) के साथ हिन्दी में होवें, होइए, करें—कीजिये, पढ़े—पढ़िये आदि रूप होगें।

६—विधि, प्रार्थना—लिङ् लकार—कर्तृवाच्य के रूप

प्रथम पुरुष के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प०प्र०	यात्-इत्	याताम्-इताम्	युस्-स्युः
	सः वह	तौ वे दोनों	ते वे सब
अस्	स्यात् होवे, हो	स्याताम् होवें	स्युः=
कृ	कुर्यात् करे	कुर्याताम्	कुर्युः=
भू	भवेत् होवे	भवेताम् होवें	भवेयुः=
पठ्	पठेत् पढ़े	पठेताम् पढ़ें	पठेयुः=
वद्	वदेत् बोले	वदेताम् बोलें	वदेयुः=
गम्	गच्छेत् जावे	गच्छेताम् जावें	गच्छेयुः=
स्था	तिष्ठेत् ठहरे	तिष्ठेताम् ठहरें	तिष्ठेयुः=
पा	पिबेत् पीवे	पिबेताम् पीवें	पिबेयुः=
दृश्	पश्येत् देखे	पश्येताम् देखें	पश्येयुः=
नी	नयेत् ले जावे	नयेताम् ले जावें	नयेयुः=
लिख्	लिखेत् लिखे	लिखेताम् लिखें	लिखेयुः=
इष्	इच्छेत् चाहे	इच्छेताम् चाहें	इच्छेयुः=
प्रच्छ	पृच्छेत् पूछे	पृच्छेताम् पूछें	पृच्छेयुः=
कथ्	कथयेत् कहे	कथयेताम् कहें लेवें	कथयेयुः=
ज्ञा	जानीयात् जाने	जानीयाताम् जानें	जानीयुः
ग्रह्	गृह्णीयात् लेवे	गृह्णीयाताम्	गृह्णीयुः=
दा	दद्यात् देवे	दद्याताम् देवें	दद्युः=
श्रु	शृणुयात् सुने	शृणुयाताम् सुनें	शृणुयुः
शक्	शक्नुयात् सके	शक्नुयाताम् सकें	शक्नुयुः=
प्रआप्	प्राप्नुयात् पावे	प्राप्नुयाताम् पावें	प्राप्नुयुः=
जागृ	जागृयात् जागे	जागृयाताम् जागें	जागृयुः=
आ०प्र०	ईत	ईयाताम्	ईरन्=
शी	शयीत सोवे	शयीयाताम् सोवें	शयीरन्=
याच्	याचेत मांगे	याचेयाताम् मांगे	याचेरन्=
मन्	मन्येत माने	मन्येयाताम् मानें	मन्येरन्=

मध्यम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
यास्-इः	यातम्-इतम्	यात-इत
त्वम् तुम	युवाम् तुम दोनों	यूयम् तुम सब
स्याः होना	स्यातम्=	स्यात=
कुर्याः करना	कुर्यातम्=	कुर्यात=
भवेः होना	भवेतम्=	भवेत=
पठेः पढ़ना	पठेतम्=	पठेत=
वदेः बोलना	वदेतम्=	वदेत=
गच्छेः जाना	गच्छेतम्=	गच्छेत=
तिष्ठेः ठहरना	तिष्ठेतम्=	तिष्ठेत=
पिबेः पीना	पिबेतम्=	पिबेत=
पश्येः देखना	पश्येतम्=	पश्येत=
नयेः ले जाना	नयेतम्=	नयेत=
लिखेः लिखाना	लिखेतम्=	लिखेत=
इच्छेः चाहना	इच्छेतम्=	इच्छेत=
पृच्छेः पूछना	पृच्छेतम्=	पृच्छेत=
कथयेः कहना	कथयेतम्=	कथयेत=
जानीयाः जानना	जानीयातम्=	जानीयात=
गृह्णीयाः लेना	गृह्णीयातम्=	गृह्णीयात=
दद्याः देना	दद्यातम्=	दद्यात=
शृणुयाः सुनना	शृणुयातम्=	शृणुयात=
शक्नुयाः सकना	शक्नुयातम्=	शक्नुयात=
प्राप्नुयाः पाना	प्राप्नुयातम्	प्राप्नुयात=
जागृयाः जागना	जागृयातम्	जागृयात=
ईथास्	ईयाथाम्	ईध्वम्=
शयीथाः सोना	शयीयाथाम्	शयीध्वम्
याचेथाः माँगना	याचेयाथाम्	याचेध्वम्=
मन्येथाः मानना	मन्येयाथाम्	मन्येध्वम्=

उत्तम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
याम्-इयम्	याव-इव	याम-इम
अहम् मैं	आवाम् हम दोनों	वयम् हम सब
स्याम् होऊँ	स्याव होवें	स्याम=
कुर्याम् करूँ	कुर्याव करें	कुर्याम=
भवेयम् होऊँ	भवेव होवें	भवेम=
पठेयम् पढ़ूँ	पठेव पढ़े	पठेम=
वदेयम् बोलूँ	वदेव बोलें	वदेम=
गच्छेयम् जाऊँ	गच्छेव जावें	गच्छेम=
तिष्ठेयम् ठहरूँ	तिष्ठेव ठहरें	तिष्ठेम=
पिबेयम् पीऊँ	पिबेव पीवें	पिबेम=
पश्येयम् देखूँ	पश्येव देखें	पश्येम=
नयेयम् ले जाऊँ	नयेव ले जावें	नयेम=
लिखेयम् लिखूँ	लिखेव लिखें	लिखेम=
इच्छेयम् चाहूँ	इच्छेव चाहें	इच्छेम=
पृच्छेयम् पूछूँ	पृच्छेव पूछें	पृच्छेम=
कथयेयम् कहूँ	कथयेव कहें	कथयेम=
जानीयाम् जानूँ	जानीयाव जानें	जानीयाम=
गृह्णीयाम् लूँ	गृह्णीयाव लें	गृह्णीयाम=
दद्याम् दूँ	दद्याव दें	दद्याम=
शृणुयाम् सुनूँ	शृणुयाव सुनें	शृणुयाम=
शक्नुयाम् सकूँ	शक्नुयाव सकें	शक्नुयाम=
प्राप्नुयाम् पाऊँ	प्राप्नुयाव पावें	प्राप्नुयाम=
जागृयाम् जागूँ	जागृयाव जागें	जागृयाम=
ईय	ईवहि	ईमहि=
शयीय सोऊँ	शयीवहि सोवें	शयीमहि=
याचेय माँगूँ	याचेवहि माँगें	याचेमहि=
मन्येय मानूँ	मन्येवहि मानें	मन्येमहि=

(प्रथम पुरुष में पु० भवान् स्त्री० भवती भवान् (आप) के साथ हिन्दी में हों, होवें, करें, पढ़ें, लिखें आदि रूप होंगे।)

७—भूतकाल –लङ्लकार—कर्तृवाच्य के रूप। (लङ्लकारके कर्ता में "ने" चिह्न कहाँ लगेगा और कहाँ नहीं इसे हिन्दी व्याकरण से अच्छी तरह समझ लेना चाहिए।

प्रथम पुरुष के रूप

	एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प०प्र०	त्	ताम्	अन्
	सः वह, उसने	तौ वे दोनों	ते वे सब
अस्	आसीत् था	आस्ताम् थे	आसन् =
कृ	अकरोत् किया	अकुरुताम्=	अकुर्वन् =
भू	अभवत् हुआ	अभवताम् हुए	अभवन्=
पठ्	अपठत् पढ़ा	अपठताम्=	अपठन् =
वद्	अवदत् बोला	अवदताम् बोले	अवदन्=
गम्	अगच्छत् गया	अगच्छताम् गये	अगच्छन्
स्था	अतिष्ठत् ठहरा	अतिष्ठताम् ठहरे	अतिष्ठन्
पा	अपिबत् पिया	अपिबताम्	अपिबन्
दृश्	अपश्यत् देखा	अपश्यताम् =	अपश्यन्=
नी	अनयत् ले गया	अनयताम् =	अनयन्=
लिख्	अलिखत् लिखा	अलिखताम्=	अलिखन्=
इष्	ऐच्छत् चाहा	ऐच्छताम्=	ऐच्छन् =
प्रच्छ	अपृच्छत् पूछा	अपृच्छताम्=	अपृच्छन्=
कथ	अकथयत् कहा	अकथयताम् -	अकथयन्=
ज्ञा	अजानात् जाना	अजानीताम्=	अजानन्=
ग्रह्	अगृह्णात् लिया	अगृह्णीताम्=	अगृह्णन्=
दा	अददात् दिया	अदत्ताम् =	अददुः=
श्रु	अश्रृणोत् सुना	अश्रृणुताम् =	अश्रृण्वन्=
शक्	अशक्नोत् सका	अशक्नुताम् सके	अशक्नुवन्=
प्रआप्	प्राप्नोत् पाया	प्राप्नुताम् =	प्राप्नुवन्=
जागृ	अजागः जागा	अजागृताम्=	अजागरुः=
आ०प्र०	त	इताम्	अन्त
शी	अशेत सोया	अशयाताम् सोये	अशेरत=
याच	अयाचत मांगा	अयाचेताम् =	अयाचन्त =
मन्	अमन्यत माना	अमन्येताम् =	अमन्यन्त =

मध्यम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
स्	तम्	त
त्वम् तुम तुमने	युवाम् तुम दोनों	यूयम् तुम सब
आसीःथे	आस्तम्=	आस्त=
अकरोः	अकुरुतम् =	अकुरुत=
अभवः हुए	अभवतम्=	अभवत=
अपठः पढ़ा	अपठतम्=	अपठत=
अवदः बोले	अवदतम् =	अवदत=
अगच्छः गये	अगच्छतम् =	अगच्छत =
अतिष्ठः ठहरे	अतिष्ठतम्=	अतिष्ठत=
अपिबः पिया	अपिबतम्=	अपिबत=
अपश्यः देखा	अपश्यतम्=	अपश्यत=
अनयः ले गये	अनयतम् =	अनयत =
अलिखः लिखा	अलिखतम् =	अलिखत=
ऐच्छः चाहा	ऐच्छतम्=	ऐच्छत=
अपृच्छः पूछा	अपृच्छतम् =	अपृच्छत=
अकथयः कहा	अकथयतम्=	अकथयत =
अजानाः जाना	अजानीतम्—	अजानीत—
अगृह्णाः लिया	अगृह्णीतम्—	अगृह्णीत—
अददाः दिया	अदत्तम् —	अदत्त —
अश्रृणोः सुना	अश्रृणुतम्—	अश्रृणुत—
अशक्नोः सके	अशक्नुतम्—	अशक्नुत—
प्राप्नोः पाया	प्राप्नुतम्—	प्राप्नुत—
अजागः जागे	अजागृतम्—	अजागृत—
थास्	इथाम्	ध्वम्—
अशेथाः सोये	अशयाथाम्—	अशेध्वम्—
अयाचथाः माँगा	अयाचेथाम्—	अयाचध्वम्—
अमन्यथाः माना	अमन्येथाम्—	अमन्यध्वम्—

उत्तम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
म्	व	म
अहम् मैं, मैने	आवाम् हम दोनों	वयम् हम सब
आसम् था	आस्व थे	आस्म—
अकरवम् किया	अकुर्व	अकुर्म —
अभवम् हुआ	अभवाव	अभवाम —
अपठम् पढ़ा	अपठाव —	अपठाम—
अवदम् बोला	अवदाव—	अवदाम—
अगच्छम् गया	अगच्छाव—	अगच्छाम—
अतिष्ठम् ठहरा	अतिष्ठाव —	अतिष्ठाम—
अपिबम् पिया	अपिबाव—	अपिबाम—
अपश्यम् देखा	अपश्याव—	अपश्याम —
अनयम् ले गया	अनयाव —	अनयाम—
अलिखम् लिखा	अलिखाव—	अलिखाम—
ऐच्छम् चाहा	ऐच्छाव —	ऐच्छाम—
अपृच्छम् पूछा	अपृच्छाव—	अपृच्छाम—
अकथयम् कहा	अकथयाव—	अकथयाम—
अजानाम् जाना	अजानीव—	अजानीम—
अगृह्णाम् लिया	अगृह्णीव—	अगृह्णीम—
अददाम् दिया	अदद्व —	अदद्म—
अश्रृणवम् सुना	अश्रृणुव—	अश्रृणुम—
अशक्नुवम् सका	अशक्नुव सके	अशक्नुम—
प्राप्नुवम् पाया	प्राप्नुव—	प्राप्नुम—
अजागरम् जागा	अजागृव—	अजागृम—
इ	वहि	महि—
अशयि सोया	अशेवहि—	अशेमहि—
अयाचे माँगा	अयाचावहि	अयाचामहि—
अमन्ये माना	अमन्यावहि	अमन्यामहि —

सूचना—१—यद्यपि लङ्लकार का प्रयोग अनद्यतन भूतकाल में होता है परन्तु वर्तमान प्रचलन के अनुसार सुविधा की दृष्टि से यहाँ सामान्य भूतकाल में ही प्रयोग किया गया है। विद्यार्थी भूतकाल के बोधक लिट् तथा लुङ् लकार के भी रूप परिशिष्ट में देखें तथा उन्हें भी कण्ठस्थ कर लें।

२—प्रथम पुरुष में भवान्, भवती के साथ थे—थीं, गये—गयीं, हुए—हुई, सके सकीं तथा बोले—बोलीं आदि रूप होगें।

८—हेतुहेतुमद्भूत—लृङ्लकार—कर्तृवाच्य के रूप

प्रथम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
प०प्र० स्यत्	स्यताम्	स्यन्
सः वह	तौ वे दोनों	ते वे सब
अकरिष्यत् करता	अकरिष्यताम् करते	अकरिष्यन्—
अभविष्यत् होता	अभविष्यताम् होते	अभविष्यन्—
अपठिष्यत् पढ़ता	अपठिष्यताम् पढ़ते	अपठिष्यन्—
अवदिष्यत् बोलता	अवदिष्यताम् बोलते	अवदिष्यन्—
अगमिष्यत् जाता	अगमिष्यताम् जाते	अगमिष्यन्—
अस्थास्यत् ठहरता	अस्थास्यताम् ठहरते	अस्थास्यन्—
अपास्यत् पीता	अपास्यताम् पीते	अपास्यन्—
अद्रक्ष्यत् देखता	अद्रक्ष्यताम् देखते	अद्रक्ष्यन्—
अनेष्यत् ले जाता	अनेष्यताम् ले जाते	अनेष्यन्—
अलेखिष्यत् लिखता	अलेखिष्यताम् लिखते	अलेखिष्यन्—
ऐषिष्यत् चाहता	ऐषिष्यताम् चाहते	ऐषिष्यन्—
अप्रक्ष्यत् पूछता	अप्रक्ष्यताम् पूछते	अप्रक्ष्यन्—
अकथयिष्यत् कहता	अकथयिष्यताम् कहते	अकथयिष्यन्
अज्ञास्यत् जानता	अज्ञास्यताम् जानते	अज्ञास्यन्—
अग्रहीष्यत् लेता	अग्रहीष्यताम्	अग्रहीष्यन्—
अदास्यत् देता	अदास्यताम् देते	अदास्यन्—
अश्रोष्यत् सुनता	अश्रोष्यताम् सुनते	अश्रोष्यन्—
अशक्ष्यत् सकता	अशक्ष्यताम् सकते	अशक्ष्यन्—
प्राप्स्यत् पाता	प्राप्स्यताम् पाते	प्राप्स्यन्—
अजागरिष्यत् जागता	अजागरिष्यताम् जागते	अजागरिष्यन्
आ० प्र० स्यत	स्येताम्	स्यन्त
अशयिष्यत सोता	अशयिष्येताम् सोते	अशयिष्यन्त—
अयाचिष्यत मागता	अयाचिष्येताम्	अयाचिष्यन्त—
अमंस्यत मानता	अमंस्येताम् मानते	अमंस्यन्त—

मध्यम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
स्यस्	स्यतम्	स्यत
त्वम् तुम	युवाम् तुम दोनों	यूयम् तुम सब
अकरिष्य करते	अकरिष्यतम्	अकरिष्यत—
अभविष्यः होते	अभविष्यतम्	अभविष्यत—
अपठिष्यः पढ़ते	अपठिष्यतम्	अपठिष्यत—
अवदिष्यः बोलते	अवदिष्यतम्	अवदिष्यत—
अगमिष्यः जाते	अगमिष्यतम्	अगमिष्यत—
अस्थास्यः ठहरते	अस्थास्यतम्	अस्थास्यत—
अपास्यः पीते	अपास्यतम्	अपास्यत—
अद्रक्ष्यः देखते	अद्रक्ष्यतम्	अद्रक्ष्यत—
अनेष्यः ले जाते	अनेष्यतम्	अनेष्यत—
अलेखिष्यः लिखते	अलेखिष्यतम्	अलेखिष्यत—
ऐषिष्यः चाहते	ऐषिष्यतम्	ऐषिष्यत—
अप्रक्ष्यः पूछते	अप्रक्ष्यतम्	अप्रक्ष्यत—
अकथयिष्यः कहते	अकथयिष्यतम्	अकथयिष्यत—
अज्ञास्यः जानते	अज्ञास्यतम्	अज्ञास्यत—
अग्रहीष्यः लेते	अग्रहीष्यतम्	अग्रहीष्यत—
अदास्यः देते	अदास्यतम्	अदास्यत—
अश्रोष्यः सुनते	अश्रोष्यतम्	अश्रोष्यत—
अशक्ष्यः सकते	अशक्ष्यतम्	अशक्ष्यत—
प्राप्स्यः पाते	प्राप्स्यतम्	प्राप्स्यत—
अजागरिष्यः जागते	अजागरिष्यतम्	अजागरिष्यत—
स्थथास्	स्येथाम्	स्यध्वम्—
अशयिष्यथाः सोते	अशयिष्येथाम्	अशयिष्यध्वम्—
अयाचिष्यथाः माँगते	अयाचिष्येथाम्	अयाचिष्यध्वम्—
अमंस्यथाः मानते	अमंस्येथाम्	अमंस्यध्वम्—

उत्तम पुरुष के रूप

एकवचन	द्विवचन	बहुवचन
स्यम्	स्याव	स्याम
अहम् मैं	आवाम् हम दोनों	वयम् हम सब
अकरिष्यम् करता	अकरिष्याव करते	अकरिष्याम—
अभविष्यम् होता	अभविष्याव होते	अभविष्याम—
अपठिष्यम् पढ़ता	अपठिष्याव पढ़ते	अपठिष्याम—
अवदिष्यम् बोलता	अवदिष्याव बोलते	अवदिष्याम—
अगमिष्यम् जाता	अगमिष्याव जाते	अगमिष्याम—
अस्थास्यम् ठहरता	अस्थास्याव ठहरते	अस्थास्याम—
अपास्यम् पीता	अपास्याव पीते	अपास्याम—
अद्रक्ष्यम् देखता	अद्रक्ष्याव देखते	अद्रक्ष्याम—
अनेष्यम् ले जाता	अनेष्याव ले जाते	अनेष्याम—
अलेखिष्यम् लिखता	अलेखिष्याव लिखते	अलेखिष्याम—
ऐषिष्यम् चाहता	ऐषिष्याव चाहते	ऐषिष्याम—
अप्रक्ष्यम् पूछता	अप्रक्ष्याव	अप्रक्ष्याम—
अकथयिष्यम् कहता	अकथयिष्याव कहते	अकथयिष्याम—
अज्ञास्यम् जानता	अज्ञास्याव जानते	अज्ञास्याम—
अग्रहीष्यम् लेता	अग्रहीष्याव लेते	अग्रहीष्याम—
अदास्यम् देता	अदास्याव देते	अदास्याम—
अश्रोष्यम् सुनता	अश्रोष्याव सुनते	अश्रोष्याम—
अशक्ष्यम् सकता	अशक्ष्याव सकते	अशक्ष्याम—
प्राप्स्यम् पाता	प्राप्स्याव पाते	प्राप्स्याम—
अजागरिष्यम् जागता	अजागरिष्याव जागते	अजागरिष्याम
स्ये	स्यावहि	स्यामहि
अशयिष्ये सोता	अशयिष्यावहि सोते	अशयिष्यामहि
अयाचिष्ये माँगता	अयाचिष्यावहि माँगते	अयाचिष्यामहि
अमंस्ये मानता	अमंस्यावहि मानते	अमंस्यामहि

सूचना—१—इस लकार के प्रयोग में एक ही वाक्य में दो क्रियाओं का प्रयोग होता है—यथा—यदि वह पढ़ता तो अवश्य उत्तीर्ण होता—यदि सः अपठिष्यत् तदा अवश्यम् उत्तीर्णः अभविष्यत् ।

२—प्रथम पुरुष में भवान् और भवती के साथ करते—करतीं, होते—होतीं, पढ़ते—पढ़तीं और बोलना—बोलतीं आदि रूप होंगे ।

९—णिजन्त (प्रेरणार्थक) धातु और उनके कर्तृवाच्य में छ लकारों के रूप। मूल धातु में णिच् (इ) प्रत्यय लगाने से प्रेरणार्थक क्रियायें बनती हैं। प्रत्यय लगाने पर मूल धातु में गुण, वृद्धि आदि विकार हो जाते हैं। इनके रूप कथ धातु के समान चलेंगे। णिजन्त क्रियायें प्रायः उभयपदी होती हैं।

धातु	लट्	लृट्	लोट्	लिङ्	लङ्	लृङ्
कृ-कारि	कारयति कराता है	कारयिष्यति करायेगा	कारयतु करावे	कारयेत्=	अकारयत् कराया	अकारयिष्यत् कराता
पठ-पाठि	पाठयति पढ़ाता है	पाठयिष्यति पढ़ायेगा	पाठयतु पढ़ावे	पाठयेत्=	अपाठयत् पढ़ाया	अपाठयिष्यत् पढ़ाता
वद-वादि	वादयति बजाता है	वादयिष्यति बजायेगा	वादयतु बजावे	वादयेत्=	अवादयत् बजाया	अवादयिष्यत् बजाता
गम्-गमि	गमयति बिताता है	गमयिष्यति बितायेगा	गमयतु बितावे	गमयेत्=	अगमयत् बिताया	अगमयिष्यत् बिताता
स्था-स्थापि	स्थापयति रखता है	स्थापयिष्यति रखेगा	स्थापयतु रखे	स्थापयेत्=	अस्थापयत् रखा	अस्थापयिष्यत् रखता
पा-पायि	पाययति पिलाता है	पाययिष्यति पिलायेगा	पाययतु पिलावे	पाययेत्=	अपाययत् पिलाया	अपाययिष्यत् पिलाता
दृश-दर्शि	दर्शयति दिखाता है	दर्शयिष्यति दिखायेगा	दर्शयतु दिखावे	दर्शयेत्=	अदर्शयत् दिखाया	अदर्शयिष्यत् दिखाता
नी-नायि	नाययति लिवा जाता है	नाययिष्यति लिवा जायेगा	नाययतु लिवा जावे	नाययेत्=	अनाययत् लिवा गया	अनाययिष्यत् लिवा जाता
लिख-लेखि	लेखयति लिखाता है	लेखयिष्यति लिखायेगा	लेखयतु लिखावे	लेखयेत्=	अलेखयत् लिखाया	अलेखयिष्यत् लिखाता
प्रच्छ-प्रच्छि	प्रच्छयति पुछवाता है	प्रच्छयिष्यति पुछवायेगा	प्रच्छयतु पुछवावे	प्रच्छयेत्=	अप्रच्छयत् पुछवाया	अप्रच्छयिष्यत् पुछवाता
कथ-कथि	कथयति कहवाता है	कथयिष्यति कहलायेगा	कथयतु कहलावे	कथयेत्=	अकथयत् कहलाया	अकथयिष्यत् कहलाता
ज्ञा-ज्ञापि	ज्ञापयति जनाता है	ज्ञापयिष्यति जनायेगा	ज्ञापयतु जनावे	ज्ञापयेत्=	अज्ञापयत् जनाया	अज्ञापयिष्यत् जनाता
दा-दापि	दापयति दिलाता है	दापयिष्यति दिलायेगा	दापयतु दिलावे	दापयेत्=	अदापयत् दिलाया	अदापयिष्यत् दिलाता
श्रु-श्रावि	श्रावयति सुनाता है	श्रावयिष्यति सुनायेगा	श्रावयतु सुनावे	श्रावयेत्=	अश्रावयत् सुनाया	अश्रावयिष्यत् सुनाता
प्राप-प्रापि	प्रापयति पहुँचाता है	प्रापयिष्यति पहुँचायेगा	प्रापयतु पहुँचावे	प्रापयेत्=	प्रापयत् पहुँचाया	प्रापयिष्यत् पहुँचाता
जागृ-जागरि	जागरयति जगाता है	जागरयिष्यति जगायेगा	जागरयतु जगावे	जागरयेत्=	अजागरयत् जगाया	अजागरयिष्यत् जगाता
शी-शायि	शाययति सुलाता है	शाययिष्यति सुलायेगा	शाययतु सुलावे	शाययेत्=	अशाययत् सुलाया	अशाययिष्यत् सुलाता
मन्-मानि	मानयति मनाता है	मानयिष्यति मनायेगा	मानयतु मनावे	मानयेत्=	अमानयत् मनाया	अमानयिष्यत् मनाता
शिक्ष-शिक्षि	शिक्षयति सिखाता है	शिक्षयिष्यति सिखायेगा	शिक्षयतु सिखावे	शिक्षयेत्=	अशिक्षयत् सिखाया	अशिक्षयिष्यत् सिखाता
उद्घट-उद्घाटि	उद्घाटयति खोलता है	उद्घाटयिष्यति खोलेगा	उद्घाटयतु खोले	उद्घाटयेत्=	उदघाटयत् खोला	उदघाटयिष्यत् खोलता
ज्वल-ज्वालि	ज्वालयति जलाता है	ज्वालयिष्यति जलायेगा	ज्वालयतु जलावे	ज्वालयेत्=	अज्वालयत् जलाया	अज्वालयिष्यत् जलाता
निर्वा-निर्वापि	निर्वापयति बुझाता है	निर्वापयिष्यति बुझायेगा	निर्वापयतु बुझावे	निर्वापयेत्=	निरवापयत् बुझाया	निरवापयिष्यत् बुझाता
आनी-आनायि	आनाययति मँगाता है	आनायिष्यति मँगायेगा	आनाययतु मँगावे	आनाययेत्=	आनाययत् मँगाया	आनायिष्यत् मँगाता
उत्स्था-उत्थापि	उत्थापयति उठाता है	उत्थापयिष्यति उठायेगा	उत्थापयतु उठावे	उत्थापयेत्=	उदस्थापयत् उठाया	उदस्थापयिष्यत् उठाता
प्रेष-प्रेषि	प्रेषयति भेजता है	प्रेषयिष्यति भेजेगा	प्रेषयतु भेजे	प्रेषयेत्=	अप्रेषयत् भेजा	अप्रेषयिष्यत् भेजता

इसी प्रकार उपवेशयति—बैठाता है, भोजयति—खिलाता है, आकारयति बुलाता है, अपसारयति—हटाता है, दोलयति—डुलाता है, सीवयति—सिलाता है, निवर्तयति—लौटाता है, परिवर्तयति—बदलता है, गोपयति—छिपाता है, बोधयति—समझाता है, चालयति—चलाता है, मेलयति—मिलाता है, पातयति—गिराता है आदि रूपों का भी प्रयोग करना चाहिये।

१०—कर्मवाच्य के रूप—(सकर्मक धातुओं से कर्मवाच्य में धातु के आगे यक् (य) प्रत्यय होता है और सदा आत्मनेपद का प्रयोग होता है। रूप मन् धातु के समान चलेंगे। कर्मवाच्य में कर्ता में तृतीया, कर्म में प्रथमा तथा क्रिया कर्मानुसार होती है। यथा—छात्रेण पाठः पठ्यते, छात्रेण पाठौ पठ्येते, छात्रेण पाठाः पठ्यन्ते इत्यादि।)

धातु	लट्	लृट्	लोट्	लिङ्	लङ्	लृङ्
कृ	क्रियते किया जाता है	करिष्यते किया जायगा	क्रियताम् किया जाय	क्रियेत =	अक्रियत किया गया	अकरिष्यत किया जाता
पठ	पठ्यते पढ़ा जाता है	पठिष्यते पढ़ा जायगा	पठ्यताम् पढ़ा जाय	पठ्येत =	अपठ्यत पढ़ा गया	अपठिष्यत पढ़ा जाता
गम्	गम्यते जाया जाता है	गंस्यते जाया जायगा	गम्यताम् जाया जाय	गम्येत =	अगम्यत जाया गया	अगंस्यत जाया जाता
पा	पीयते पीया जाता है	पास्यते पीया जायगा	पीयताम् पीया जाय	पीयेत =	अपीयत पीया गया	अपास्यत पीया जाता
दृश्	दृश्यते देखा जाता है	द्रक्ष्यते देखा जायगा	दृश्यताम् देखा जाय	दृश्येत =	अदृश्यतदेखा गया	अद्रक्ष्यत देखा जाता
नी	नीयते ले जाया जाता है	नेष्यते ले जाया जायगा	नीयताम् ले जाया जाय	नीयेत =	अनीयत ले जाया गया	अनेष्यत ले जाया जाता
लिख	लिख्यते लिखा जाता है	लेखिष्यते लिखा जायगा	लिख्यताम् लिखा जाय	लिख्येत =	अलिख्यत लिखा गया	अलेखिष्यत लिखा जाता
इष्	इष्यते चाहा जाता है	एषिष्यते चाहा जायगा	इष्यताम् चाहा जाय	इष्येत =	ऐष्यत चाहा गया	ऐषिष्यत चाहा जाता
प्रच्छ	पृच्छ्यते पूछा जाता है	प्रक्ष्यते पूछा जायगा	पृच्छ्यताम् पूछा जाय	पृच्छ्येत =	अपृच्छ्यत पूछा गया	अप्रक्ष्यत पूछा जाता
कथ	कथ्यते कहा जाता है	कथयिष्यते कहा जायगा	कथ्यताम् कहा जाय	कथ्येत =	अकथ्यत कहा गया	अकथयिष्यत कहा जाता
ज्ञा	ज्ञायते जाना जाता है	ज्ञास्यते जाना जायगा	ज्ञायताम् जाना जाय	ज्ञायेत =	अज्ञायत जाना गया	अज्ञास्यत जाना जाता
ग्रह	गृह्यते लिया जाता है	ग्रहीष्यते लिया जायगा	गृह्यताम् लिया जाय	गृह्येत =	अगृह्यत लिया गया	अग्रहीष्यत लिया जाता
दा	दीयते दिया जाता है	दास्यते दिया जायगा	दीयताम् दिया जाय	दीयेत =	अदीयत दिया गया	अदास्यत दिया जाता
श्रु	श्रूयते सुना जाता है	श्रोष्यते सुना जायगा	श्रूयताम् सुना जाय	श्रूयेत=	अश्रूयत सुना गया	अश्रोष्यत सुना जाता
शक्	शक्यते सका जाता है	शक्ष्यते सका जायगा	शक्यताम् सका जाय	शक्येत=	अशक्यत सका गया	अशक्ष्यत सका जाता
प्राप्	प्राप्यते पाया जाता है	प्राप्स्यते पाया जायगा	प्राप्यताम् पाया जाय	प्राप्येत=	प्राप्यत पाया गया	प्राप्स्यत पाया जाता
याच	याच्यते माँगा जाता है	याचिष्यते माँगा जायगा	याच्यताम् माँगा जाय	याच्येत=	अयाच्यत माँगा गया	अयाचिष्यत माँगा जाता
मन	मन्यते माना जाता है	मंस्यते माना जायगा	मन्यताम् माना जाय	मन्येत=	अमन्यत माना गया	अमंस्यत माना जाता

११—भाववाच्य के रूप—(अकर्मक धातुओं से भाववाच्य में यक् प्रत्यय होता है तथा कर्मवाच्य के समान ही आत्मनेपद का प्रयोग होता है परन्तु भाववाच्य में केवल प्रथम पुरुष के एक वचनका ही प्रयोग होता है। यथा— मया स्थीयते, आवाभ्याम्, स्थीयते, अस्माभिः स्थीयते)

शी	शय्यते सोया जाता है	शयिष्यते सोया जायगा	शय्यताम् सोया जाय	शय्येत=	अशय्यत सोया गया	अशयिष्यत सोया जाता
जागृ	जागर्य्यते जागा जाता है	जागरिष्यते जागा जायगा	जागर्य्यताम् जागा जाय	जागर्य्येत =	अजागर्य्यत जागा गया	अजागरिष्यत जागा जाता
स्था	स्थीयते रहा जाता है	स्थास्यते रहा जायगा	स्थीयताम् रहा जाय	स्थीयेत =	अस्थीयत रहा गया	अस्थास्यत रहा जाता
जीव	जीव्यते जीया जाता है	जीविष्यते जीया जायगा	जीव्यताम् जीया जाय	जीव्येत=	अजीव्यत जीया गया	अजीविष्यत जीया जाता
क्रीड	क्रीड्यते खेला जाता है	क्रीडिष्यते खेला जायगा	क्रीड्यताम् खेला जाय	क्रीड्येत=	अक्रीड्यत खेला गया	अक्रीडिष्यत खेला जाता

कुछ अन्य अकर्मक धातुओं के भाववाच्य के एक-एक रूप—चल-चलना-चल्यते, आस-बैठना-आस्यते, भ्रम-घूमना-भ्रम्यते, बस-रहना-उष्यते, हस-हँसना-हस्यते, रुद-रोना-रुद्यते, उत्स्था-उठना उत्थीयते, उपविश-बैठना-उपविश्यते, युध-लड़ना-युध्यते, पत-गिरना-पत्यते, प्रलप-बकना-प्रलप्यते, पलाय-भागना-पलाय्यते, जन-पैदा होना-जन्यते इत्यादि।

१२—कर्मकर्तृवाच्य के रूप—जब कर्म ही कर्त्ता बन जाता है तो कर्मकर्तृवाच्य होता है यथा—ओदनः पच्यते (भात पकता है) घटः भिद्यते (घड़ा फूटता है) वृक्षः छिद्यते (पेड़ कटता है) इत्यादि।

१३—पूर्वलिखित णिजन्त (प्रेरणार्थक) क्रियाओं के कर्मवाच्य के रूप। सभी प्रेरणार्थक क्रियायें सकर्मक होती हैं अतः इनके भाववाच्य के रूप नहीं होते।

	लट्	लृट्	लोट्	लिङ्	लङ्	लृङ्
